दिन–रविवार दिनांक– 15 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए कल होने वाले चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। एनडीए और महागठबंधन अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा है कि एनडीए आसानी से पांचों सीटों पर जीत दर्ज करेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि चुनाव में महागठबंधन की हार निश्चित है। वहीं, राजद के प्रवक्ता मृत्यंजय तिवारी ने राज्यसभा की एक सीट पर पार्टी की जीत का दावा करते हुए कहा कि एनडीए चुनाव में पूरी तरह बिखर चुका है। गौरतलब है कि एनडीए के पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर शामिल है। एनडीए के पांचवे प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा है। इधर, राजद ने अमरेन्द्र धारी सिंह को प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान कल सुबह नौ बजे से चार बजे तक होगा। पांच बजे से मतगणना शुरू होगी और देर रात तक नतीजे घोषित किये जा सकते है।

————————————————————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडरों का वितरण भी शुरू हो गया है। इधर, राज्य सरकार ने कहा है कि प्रदेश में सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य हो गई है। गैस कंपनियों की ओर से कहा गया है कि जिन उपभोक्ताओं ने सिलेंडर की बुकिंग कर ली है उन्हें जल्द ही गैस की आपूर्ति की जायेगी।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग आज शाम चार बजे असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुद्दुचेरी में मई–जून में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीख की घोषणा करेगा।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसार ने आज पटना और थावे के बीच नई फास्ट पैसेंजर ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि अध्यात्म के केन्द्र थावे के लोगों की लंबे समय से पटना से ट्रेन की मांग थी। उन्होंने रेल मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस नई ट्रेन के परिचालन से लोगों को कम समय मे सफर करने का अनुभव मिलेगा।

———————————————————————————

चक्रवाती हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में अगले सात दिनों के दौरान वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने इस दौरान लोगों को सावधान रहने का अलर्ट जारी किया है। तेज हवा से खड़ी फसलों, केले के बागानो और आम की फसल को नुकसान की आशंका है। विभाग ने आकाशीय बिजली गिरने के दौरान लोगों को खुले स्थानों पर काम नहीं करने की सलाह दी है।

———————————————————————————

राज्य के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से नशा–मुक्त बिहार थीम पर पटना के गांधी मैदान से मैराथन का आयोजन किया गया। ओलंपिक विजेता पी.वी. सिंधू ने इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मैराथन में दस हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

———————————————————————————

रोहतास के डेहरी में चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने किया। बिहार मिलिट्री पुलिस के परेड ग्राउंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

———————————————————————————

गोपालगंज में पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं को स्वस्थ्य रखने के लिए मोबाइल पशु रथ चलाया जा रहा है।

———————————————————————————

समाप्त